प्रेस के लिए सूचना नोट (**प्रेस विज्ञप्ति सं. 89 / 2026**)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, **03 जुलाई 2026** **तत्काल प्रकाशन हेतु**


**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुजरात एलएसए में भरुच शहर एवं उसके आस-पास के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मई 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **गुजरात एसएसए के तहत भरुच शहर एवं उसके आस-पास के इलाकों में** किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा (ट्राई) ने कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (क्यूओएस) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी को अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. ये आईडीटी शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के ऑनग्राउंड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं। इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सत्रों की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से **5 मई से 8 मई 2026 तक गुजरात एलएसए में भरुच शहर एवं उसके आस-पास के इलाकों में** सिटी ड्राइव-361.2 किलोमीटर, हॉटस्पॉट लोकेशंस-11 और वाक टेस्ट- 1.5 किलोमीटर के ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट आयोजित करने के दिन/समय पर परीक्षण के तहत क्षेत्र/मार्ग पर दूरसंचार सेवा प्रदाता के प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप** मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, ड्राइव टेस्ट मार्गों को दर्शाता है:



5. **प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) **कवरेज गैप :** नमूनों का प्रतिशत, जिनका सिग्नल स्ट्रैंथ संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल स्ट्रैंथ से कम पाया गया ।

ख) **वॉयस सर्विसेज :** कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS).

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टांस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज :** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट.

6. प्रमुख मापदंडों के लिए **भरुच शहर एवं उसके आस-पास के इलाकों में** समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

क) **कवरेज गैप**- ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान लिए गए खराब सिग्नल वाले नमूनों से कुल नमूनों का अनुपात, **Airtel** के लिए 618/42053, **BSNL** के लिए 3289/40866, **RJIL** के लिए 377/42071 और **VIL** के लिए 1311/41818 रहा। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड काल्स** - ड्राप्ड काल्स की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या का अनुपात, **Airtel** के लिए 0/378, **BSNL** के लिए 10/365, **RJIL** के लिए 1/380 और **VIL** के लिए 0/380 रहा। ड्रॉप किए गए कॉल स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टेंस** - 3 सेकंड से ज्यादा के लिए पाई गई साइलेंस इंस्टेंस की संख्या का स्थापित कुल कॉल से अनुपात **Airtel** के लिए 6/365, **BSNL** के लिए 41/309, **RJIL** के लिए 4/366 और **VIL** के लिए 28/363 रहा। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) **डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट**:

i) **डाटा डाउनलोड थ्रूपुट (समग्र): Airtel**(5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 117.72 Mbps, **BSNL**(4G/3G/2G) के लिए 12.93 Mbps, **RJIL**(5G/4G) के लिए 180.22 Mbps और **VIL**(5G/4G/2G) के लिए 31.14 Mbps मापी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड थ्रूपुट (समग्र)**: **Airtel** (5G/4G) के लिए औसत अपलोड स्पीड 24.53 Mbps, **BSNL** (4G/3G/2G) के लिए 4.59 Mbps, **RJIL** (5G/4G) के लिए 24.09 Mbps और **VIL** (5G/4G/2G) के लिए 17.38 Mbps मापी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में प्रदान किया गया है।

**ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।**

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है –

**शहर –** डेरोल, सामनी, वागरा, पखाजन, गलेंदा, दहेज, लखीगम, लुवारा, अंबेथा, जोलवा, एकसाल, दहगाम, अंडदा, अंकलेश्वर, कोसामडी, गोवली बेट, झानोर, नबीपुर, पालेज एन्ड टंकारिया आदि

**हॉट स्पॉट** - अंकलेश्वर जीएसआरटीसी बस स्टैंड, अंकलेश्वर रेलवे स्टेशन, भरूच जीएसआरटीसी बस स्टैंड, भरूच रेलवे स्टेशन, सिटी सेंटर भरूच, सिविल हौस्पीटल भरूच, कलेक्टर ऑफिस भरूच, आईनॉक्स शालीमार मॉल, मटरिया तालाव, पंचबत्ती चौराहा, जादेश्वर चौकड़ी।

**वाक टेस्ट** - सोनेरी महल से धोधी कुई बाजार।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यकता के अनुसार (यदि हो) आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया जा चुका है। ड्राइव टेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। अतिरिक्त जानकारी के लिए ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर से ईमेल adv.jaipur@trai.gov.in या दूरभाष सं 0141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है।

(राजेश कुमार अग्रवाल)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का. जयपुर

संलग्न :अनुलग्नक


# Annexure

## Bharuch City

a) **Coverage Gap** – The coverage distribution found less than the minimum specified signal strength for the drive test route in auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) during voice testing, is as below:

| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Total Number of Samples captured on Drive test route | 42053 | 40866 | 42071 | 41818 |
| Number of Samples having poor signal strength | 618 | 3289 | 377 | 1311 |
| Number of Samples having limited service (No Coverage) | 0 | 383 | 0 | 0 |

**Note:** Signal strength has been considered poor if it falls below −110 dBm for 5G & 4G, −90 dBm for 3G, and −85 dBm for 2G.





**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only.

b) **Dropped Calls -** The TSP-wise details of dropped calls in auto-selection mode (5G/ 4G/ 3G/ 2G) are as below:

| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Number of successful Calls Established | 378 | 365 | 380 | 380 |
| Number of dropped Calls | 0 | 10 | 1 | 0 |

**Locations of Dropped Calls**





**Note:** Dropped calls locations are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

c) **Call Silence Instance** - The TSP-wise details of Call silence instance in Auto-selection mode (5G/4G) are as below:

| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Call Established (within service provider network) | 365 | 309 | 366 | 363 |
| Number of silences calls for >3 Sec | 5 | 29 | 3 | 16 |
| Total number of silence instances for >3 Sec | 6 | 41 | 4 | 28 |

**Locations of Call Silence Instance**





**Note:** Call silence instances are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map.

d) **Data Download and Upload throughput:** The TSP-wise details of **Average Download (DL)** and **Upload (UL) throughput** against declared typical DL/UL Throughput for month, in Auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) are as below: -

(i) **Download Throughput**


| Parameter | Measured in | AIRTEL (upto 5G) | BSNL (upto 4G) | RJIL (upto 5G) | VIL (upto 5G) |
|---|---|---|---|---|---|
| Typical Download throughput declared by TSP | (Mbits/s) | 27.99 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| Average Download Throughput measured during IDT | (Mbits/s) | 117.72 | 12.93 | 180.22 | 31.14 |




**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only.

(ii) **Upload Throughput**

| Parameter | Measured in | AIRTEL (upto 5G) | BSNL (upto 4G) | RJIL (upto 5G) | VIL (upto 5G) |
|---|---|---|---|---|---|
| Typical upload throughput declared by TSP | (Mbits/s) | 5.86 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| Average Upload Throughput measured during IDT | (Mbits/s) | 24.53 | 4.59 | 24.09 | 17.38 |




**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only.